पूर्वांचल एक्सप्रेसवे हेतु अब तक 2146.8449 हेक्टेयर भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित की गयी

गाजीपुर तथा आजमगढ जिलों में आयोजित विशेष 03 दिवसीय कैम्प में 22.7547 हेक्टेयर भूमि के बैनामें

दिनांक जून 2017

यूपीडा द्वारा संचालित की जा रही पूर्वांचल एक्सप्रेसवे परियोजना के निर्माण हेतु आपसी सहमति से भूमि क्रय हेतु की जा रही कार्यवाही को और अधिक गति प्रदान किये जाने के उद्देश्य से गाजीपुर में गत 01 जून से 03 जून 2017 तक आजमगढ में 04 जून 2017 से 06 जून 2017 तक कैम्प लगाकर विक्रय पत्रों का निष्पादन कराये जाने हेतु चलाये गये विशेष अभियान के अर्न्तगत 44.8937 हेक्टेयर भूमि के बैनामें कराये गये है। अभियान के दौरान गाजीपुर में 22.049 हेक्टेयर तथा आजमगढ में 22.7547 हेक्टेयर भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित की गयी है।

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री अवनीश कुमार अवस्थी आज यहॉ यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विशेष अभियान के सफलतापूर्वक संचालन में गाजीपुर एवं आजमगढ के जिलाधिकारियों का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ है।

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे हेतु भूमि की उपलब्धता के संबंध में हुयी प्रगति की अद्यतन स्थिति की जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बताया कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे परियोजना से जुडे 09 जनपदों में भूमि क्रय के निर्धारित लक्ष्य 4141.5946 हेक्टेयर के सापेक्ष अब तक 2146.8449 हेक्टेयर भूमि की व्यवस्था की जा चुकी है, जो निर्धारित लक्ष्य का 51.02 प्रतिशत है।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बताया कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जुडे जनपदों में भूमि की आवश्यकता तथा भूमि क्रय/पुर्नग्रहण के आधार पर उपलब्धता की जनपद वार स्थिति निम्नवत् है :-

क्र0सं0	जनपद	भूमि क्रय/अधिग्रहण की आवश्यकता (हे0 में)	क्रय के द्वारा उपलब्ध भूमि (हे0 में)	ग्राम सभा भूमि का कुल क्षे0 (हे0)	पुनर्ग्रहण के द्वारा उपलब्ध भूमि (हे0 में)	कुल उपलब्ध भूमि (हे0 में)	क्रय भूमि का प्रतिशत	अन्य विवरण
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	लखनऊ	186.2740	72.3462	39.7073	0.6456	72.9918	38.84%	
2	बाराबंकी	427.5898	278.0840	44.5560	2.5111	280.5951	65.04%	
3	अमेठी	180.0458	127.1557	14.7791	1.2186	128.3743	70.62%	
4	सुल्तानपुर	1251.0667	754.9318	107.6088	15.4700	770.4018	60.34%	
5	फैजाबाद	51.4833	49.27417	3.92980	0.78500	50.0592	95.71%	
6	अम्बेडकर नगर	54.6762	46.7808	4.8665	1.4650	48.2458	85.56%	
7	आजमगढ़	1075.4164	386.8966	85.1755	10.6936	397.5902	35.98%	
8	मऊ	303.9881	209.9594	21.7603	0.7633	210.7227	69.07%	
9	गाजीपुर	611.0543	187.6431	30.0275	0.2210	187.8641	30.71%	
	योग	**4141.5946**	**2113.0717**	**352.4108**	**33.7732**	**2146.8449**	**51.02%**	

श्री अवस्थी ने बताया कि फैजाबाद में भूमि क्रय/अधिग्रहण कार्यों के अन्तर्गत लक्ष्यों की प्राप्ति की स्थिति की समीक्षा से यह स्पष्ट हुआ है कि फैजाबाद जिले में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे हेतु भूमि की उपलब्धता 95.71 प्रतिशत, अम्बेडकरनगर में 85.56 प्रतिशत, अमेठी में 70.52 प्रतिशत, मऊ में 69.07 प्रतिशत, सुल्तानपुर में 60.34 प्रतिशत तथा बाराबंकी में 65.04 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि आजमगढ में 35.98 प्रतिशत, गाजीपुर में 30.71 प्रतिशत तथा लखनऊ में 38.84 प्रतिशत भूमि की व्यवस्था की जा चुकी है। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जुडे 09 जनपदों के जिलाधिकारियों को पूर्व में ही इस माह के अन्त तक 90 प्रतिशत भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को कहा गया है। संबंधित जिलाधिकारियों से अपेक्षा की गयी है कि वे निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे दें।